हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 5 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 24.7 डिग्री
न्यूनतम 11.8 डिग्री

11 बीए तृतीय वर्ष की रिंकी ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब



12 जन्म पंजीकरण में देरी स्वीकार्य नहीं





# प्रशासन ने गर्मी में पेयजल सप्लाई को लेकर बनाया एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला प्रशासन ने पेयजल सप्लाई को लेकर एक्शन प्लान तैयार किया है। इसे लेकर खुद उपायुक्त अनीश यादव जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते हुए रिव्यू किया है तथा इस संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिए है। लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में उपस्थित दोनों विभागों के अधिकारियों को उपायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जिला में किसी भी इलाके में पेयजल सप्लाई की दिक्कत न हो। शहरी एरिया की बात हो या फिर ग्रामीण इलाके की, दोनों क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई के लिए पूरी प्लानिंग अभी से हो जानी चाहिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त अनीश यादव के समक्ष दोनों विभागों के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि गर्मी के सीजन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि गर्मी के मौसम में पेयजल सप्लाई में किसी तरह की कमीं ना रहे, इसके अलावा डिमांड के अनुसार स्टॉक में पानी की व्यवस्था भी की जाएं। साथ ही जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी किल्लत वाले इलाकों पर तुरंत रिपोर्ट तैयार करें और यह सुनिश्चित करें कि वहां पर गर्मी में पानी की आपूर्ति कैसे हो। अधिकारी समय रहते यह सुनिश्चित करें।

## पेयजल किल्लत से प्रभावित इलाकों की रिपोर्ट तलब, डीसी ने रिव्यू करने के दिए निर्देश

### नहर बंदी पर भी चर्चा

बैठक में डीसी ने नहर बंदी के दौरान पेयजल किल्लत से निपटने के इंतजामों पर फोकस करने के निर्देश दिए। आमजन को स्वच्छ तथा शुद्ध पेयजल हर घर में पहुंचे, इसके लिए विशेष प्लानिंग की जाएं। डीसी के समक्ष अप्रैल में होने वाली नहरी बंदी पर भी चर्चा हुई। जिस पर डीसी ने कहा कि इस महीने में पानी की डिमांड ज्यादा भी रहती है, साथ ही नहरी बंदी के कारण भी पानी की शॉर्टेज जैसी दिक्कतें आ जाती है। ऐसे में इस पर फोकस करते हुए व्यापक इंतजाम रखे जाएं।



### जल्द हो समस्या का हल

डीसी ने कहा कि पेयजल सप्लाई दुरुस्त रखने को दोनों विभागों के अधिकारियों तैयार रहें। अगर मोटर खराबी, लाइन लीकेज की समस्या आती हैं, तो समय रहते उसे सही करें। ग्रामीण और शहरी इलाकों में बने वाटर टैंकों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने रिपेयरिंग और मेंटेनेंस के कार्य को लेकर भी रिपोर्ट देखी तथा क्षेत्र में किस टैंक से कितने एरिया में सप्लाई होती हैं, इसका डेटा भी अधिकारियों से पूछा।

### डिमांड को लेकर भी किया रिव्यू

बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने इस दौरान उपायुक्त अनीश यादव के समक्ष हिसार जिला में पानी की डिमांड को लेकर ब्यौरा पेश किया। बैठक में मौजूद जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसई आरके शर्मा, एक्सईन संजीव, बलकार रेड्डु, शशि कांत ने बताया कि क्षेत्र में 70 क्यूसेक पानी की आपूर्ति चाहिए।

जिस पर उपायुक्त अनीश यादव के समक्ष सिंचाई विभाग के अधिकारी एक्सईन आनंद, संदीप माथुर, शक्ति वीर ने कहा कि पूरी मात्रा में पानी की उपलब्धता रहेगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने उपायुक्त अनीश यादव के समक्ष बताया कि हिसार में बालसमंद ब्रांच तथा राणा डिस्ट्रीब्यूटरी से अलग अलग जलघर में पानी पहुंचता हैं, आमजन को पेयजल की किल्लत न हो इसे लेकर दोनों विभाग उपायुक्त के निर्देशानुसार सामंजस्य बनाकर कार्य कर रहे है।

## डीएन कॉलेज में स्वयंसेवकों ने कैंप में किया श्रमदान

- प्रार्थना व योग से कार्यक्रम की शुरूआत

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में स्थायी भविष्य के लिए युवा विषय पर चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के छठे दिन की शुरूआत प्रार्थना और योगा के साथ हुई। स्वयंसेवकों ने दयानंद कॉलेज के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में साफ सफाई के लिए अभियान चलाया और पेड़ पौधों मैं पानी दिया। स्वयंसेवकों ने मनोयोग से श्रमदान किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंद्रजीत सिंह, चेतन शर्मा, डॉ. छवि मंगला मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में किया जागरूक

**हांसी।** राजकीय कन्या हाई स्कूल खांडा खेड़ी में लड़कियों के मासिक धर्म स्वच्छता विषय पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हांसी खंड द्वितीय की आंगनबाड़ी सुपरवाइजर कोमल ने की गई। कार्यक्रम छठी से आठवीं कक्षा तक की छात्राओं व आंगनवाड़ी वर्कर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान अपनी शारीरिक स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई वहीं सफाई के महत्व व नैपकिन के प्रयोग करने के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्य अध्यापिका नीलम, अध्यापिका पूनम, प्रीती व पूजा इत्यादि मौजूद रहीं।

### करियर काउंसलिंग पर व्याख्यान का आयोजन

**हिसार।** दयानन्द कॉलेज के वाणिज्य विभाग के द्वारा करियर काउंसलिंग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के मार्केटिंग के अध्यक्ष सचिन काजल व सहायक प्रोफेसर मनीषा सोनी इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ अरुणा कद व वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ रेनू राठी ने पौधा देखकर मुख्य वक्ता का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया। ओम यूनिवर्सिटी के वाणिज्य विभाग की सहायक प्रोफेसर मनीषा सोनी, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव दीपक अटकन, गौरव ढुल व दीपक कुमार भी मौजूद रहे।

## दमकल कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध

# फायर अधिकारी को सौंपा ज्ञापन लंबित मांगें पूरी करने की मांग

सुबह दमकल कार्यालय परिसर में इकट्ठा हुए दमकल कर्मी, सरकार व अधिकारियों के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा शाखा हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर जिला के सभी कर्मचारियो ने मंगलवार को फायरमैन रमेश कुमार की अध्यक्षता में फायर अधिकारी जयनारायण को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। संचालन देवेन्द्र लोहान के द्वारा किया गया। सुबह दमकल केंद्र के प्रांगण में कर्मचारी इकट्ठे हुए और सरकार के विरोध जमकर नारेबाजी की गई। कर्मचारियों की मुख मांगों में फायर विभाग को वापस निकाय विभाग मे शामिल करने, 1327 पे-रोल फायरमैन व ड्राइवर को फायर ऑपरेटर के पदो पर मर्ज कर पक्का करने, 1327 पे-रोल फायरमैन व ड्राइवर व 212 कौशल निगम के कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर के पदों पर 58 साल की जॉब गारंटी देना, फायर पे-रोल कर्मचारी का वेतन बढ़ाना व 2021 से अब तक का एरियर देना,10000 रुपये वर्दी अलाउंस सालाना व 440 महीना धुलाई भता देना,10000 रुपये रिस्क भता देना आदि शामिल है। इस दौरान नगर पालिका के राज्य उप प्रधान राजेश बागड़ी, जिला प्रधान सुनील लाडवा, निगम इकाई प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू, फायर विभाग से जसवीर श्योकंद सतीश कुमार, बसाऊ राम, राजवीर, सुरेश, संदीप सैनी, संजय, सुरेंद्र, देवेन्द्र, नरेश कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार। वेदा कैफे के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए विद्युत नगर निवासी।

## विद्युत नगर निवासी की बिजली निगम प्रबंधन को चेतावनी

**हिसार।** विद्युत नगर कॉलोनीवासियों ने कैफे के विरोध में लगातार चल रहे प्रदर्शन की कड़ी में मंगलवार भी विद्युत सदन में प्रदर्शन किया जिसकी अध्यक्षता कृष्ण ने की व संचालन बलजीत शर्मा ने किया। राजेश ने बताया कि पिछले 18 दिनों से कॉलोनी वासी प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन मैनेजमेंट ने आज तक कोई सुनवाई नहीं की। जिससे लगता है कि मैनेजमेंट और वेदा कैफे की मिलीभगत है। मैनेजमेंट के इशारे पर ही कैफे मनमाने ढंग से काम कर रहा है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि कालोनी के वातावरण को कैफे ने बिल्कुल ही खराब कर दिया है। अगर समय रहते बंद नही किया गया तो यह कॉलोनी रहने लायक नहीं छोड़ेगा। सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि शुरुआत में इसका उद्देश्य कैफे कम लाइब्रेरी था और एचपीजीसीएल व एचवीपीएनएल की तर्ज पर इसे चलाना था, अब सारी हदें पार कर दी। मैनेजमेंट के ढुलमुल रवैये को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो हमें एमडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करना पड़ेगा। इस दौरान राजबीर, रवि, गौरव, नरेश शर्मा, रमेश शर्मा, सुखबीर, नरसी दास, सतीश, रणधीर, हरीश, राजकुमार, रमेश शर्मा, रवि सिंह, दिनेश शर्मा, मनोज, नरेन्द्र, राजेश, गौरव, नरेश, बिजेन्द्र, राजेन्द्र, सुरेन्द्र, राजबाला मौजूद रही।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी।

## बिजली व्यवस्था की रीढ़ होता है लाइनमैन: लोरा

- हमेशा चलने वाला लाइनमैन न कभी थकमा है और न रूकता है
- 40 डिग्री तापमान व कड़कड़ाती सर्दी में भी पोल पर चढ़कर काम करता है लाइनमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

बालसमंद सब डिविजन में मंगलवार को लाइनमैन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में निगम के उपमंडल अधिकारी दिनेश, डिविजनल अकाउंटेंट प्रदीप बुधवार की विशेष उपस्थिति रही। हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसबी वर्कर यूनियन के प्रदेश सह सचिव प्रदीप लोरा ने संबोधित करते कहा कि आज लाइनमैन दिवस मनाया जा रहा है। इससे कर्मचारियों में उत्साह व आत्म सम्मान की भावना मजबूत होती है। लाइनमैन बिजली व्यवस्था की रीढ़ है। बगैर लाइनमैन के बिजली व्यवस्था सुचारू रख पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। चाहे भीषण गर्मी में 40 डिग्री तापमान में पोल पर चढ़कर काम करना हो या शीतकाल में कड़कड़ाती शर्दी में काम करना हो या फिर तेज आंधी, तूफान व मूसलाधार बारिश में बिजली सुधार कार्य सम्पादित करना हो। लाइनमैन न थकता है, न रुकता है, सतत चलता ही रहता है अपनी बिजली सेवा रूपी धर्म निभाने के लिए। इस मौके पर जेई योगेश, जेई विकास, सुभाष लौरा, ईश्वर लाइनमैन, शुभम सचदेवा, भूपेंद्र रेड्डु, पवन, राजवीर, प्रदीप, सतीश दिनेश आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चौधरीवाली आरक्षित क्षेत्र घोषित करने का स्वागत

### प्रदेश सरकार का जताया आभार

- बिश्नोई समाज हमेशा रहा है जीव प्रेमी



एडवोकेट चन्द्र सिंह सहारण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के जिला प्रधान एडवोकेट चन्द्र सिंह सहारण ने चौधरीवाली गांव में जिले का पहला चौधरीवाली सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र घोषित किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिश्नोई समाज एवं वन्य जीव प्रेमियों की भावनाओं के अनुरूप ये फैसला किया है। एडवोकेट चन्द्र सिंह सहारण ने कहा कि बिश्नोई समाज सदैव वन्य जीव प्रेमी रहा है। चौधरीवाली गांव में सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र घोषित करवाने के लिए लंबे समय प्रयास चल रहे थे, जो सिरे चढ़ गए हैं।

उन्होंने कहा कि सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कड़वासरा एवं अन्य पदाधिकारियों ने इसके लिए भरपूर प्रयास किए वहीं ग्राम पंचायत चौधरीवाली एवं अन्य सदस्यों का भी पूरा सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि चौधरीवाली गांव में जिले का पहला चौधरीवाली सामुदायिक आरक्षित क्षेत्र घोषित करने से न केवल वन्य जीवों का संरक्षण होगा, बल्कि जीव रक्षा भी होगी।

## दान दिया कभी भी व्यर्थ नहीं जाता: साध्वी सारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

धान्सू की राधा-कृष्ण गोशाला में गोकथा के चौथे दिन मंगलवार को साध्वी सारिका ने कहा कि दिया हुआ दान कभी व्यर्थ नहीं जाता। जितना दान किया जाता है, वह कई गुना होकर लौटता है। किसान खेत में एक क्विंटल गेहूं बोता है और दो-तीन महीने बाद उसे 25 क्विंटल गेहूं मिलता है। जब धरती मां इतना लौटा सकती है, तो बिहारी जी कितना लौटाएंगे, यह सोचने की बात है। इसलिए दान देते समय कंजूसी नहीं करनी चाहिए।

संत कबीर ने भी कहा है कि चिड़ी चोंच भर ले गई, नदी न घटियो नीर। दान दियो धन घटे नहीं। दान करने से कभी कमी नहीं आती, बल्कि बढ़ोतरी ही होती है। संत बलदेवा नंद शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंसान को सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए। इस अवसर पर संगीतवादक तेजपाल सिंवर, अनिल, पारस, हनुमान सियाक, जगदीश पूनिया, मानसिंह ठाकर, अनूप पूनिया, आत्माराम बिश्नोई, उग्रसेन डारा, माईलाल हरडु, सतबीर, सुरेंद्र ढाका, हरिसिंह पूनिया, मनोहर भाखर आदि मौजूद रहे।



हिसार। धांसू राधा कृष्ण गोशाला में कथा वाचिका साध्वी सारिका।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़

**डबवाली।** सीआईए डबवाली व साइबर सेल की टीम ने अपने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर एक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी साबिर खान पुत्र मोहम्मद असमान व आबिद खान पुत्र अबदुल रजाक निवासी तिगांव थाना पुन्हाना, जिला नूंह को काबू करके आरोपियों के कब्जे से 8 चोरी शुदा बैटरी बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। प्रभारी सीआईए स्टाफ डबवाली उप नि. राजपाल ने बताया कि दिनांक 31 जनवरी 2025 को रमेश कुमार मुंजाल निवासी अहमदपुर दारेवाला की शिकायत पर गांव बिज्जुवाली में डबवाली से ऐलनाबाद रोड पर उसका सुनील फिलिंग स्टेशन से 8 बैटरी चोरी करके ले जाने पर अभियोग दर्ज किया गया था। साइबर सेल की सहायता से आरोपी साबिर खान व आबिद खान को काबू किया गया है। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 8 बैटरी बरामद की।

## वुशू में छात्रा सावन ने जीता कांस्य

- 22 से 27 फरवरी तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में हुई अखिल भारतीय इंटर विवि प्रतियोगिता 48 किलो भार वर्ग में सावन ने हासिल किया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्रा सावन पुत्री राजेश शर्मा ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशू 48 किलोग्राम प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। महाविद्यालय की बीए जियोग्राफी तृतीया वर्ष की छात्रा सावन ने चंडीगढ विश्वविद्यालय में 22 से 27 फरवरी तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय वुशू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता। प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने छात्रा सावन की इस सफलता पर बधाई दी।



हिसार। वुशू प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## दैनिक जीवन में विज्ञान को अपनाएं

- राजकीय महाविद्यालय में ज्ञान विज्ञान मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार




हिसार। प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस समिति के तत्वावधान में विज्ञान ज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर विषय में दाखिला लेने और विभिन्न परीक्षाओं में भाग लेने संबंधी जानकारी दी गई। उन्हें करियर में विभिन्न विकल्पों, नवीन एवं पारंपरिक विषयों, सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं और विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों की विस्तृत जानकारी पोस्टर व बैनर के माध्यम से प्रदर्शित की गई। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य डॉ.दलीप सिंह व रिटायर्ड प्रो. डॉ. निर्मला बिश्नोई द्वारा किया गया। डॉ. दलीप सिंह ने अपने अनुभव सांझा करते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के बारे में बताया और उन्हें जीवन में मेहनत करने तथा विज्ञान को दैनिक जीवन अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने मुख्य अतिथियों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर उपप्राचार्य प्रो. राजेंद्र सेवदा, साइंस सोसायटी की अध्यक्षा सविता रानी एवं सचिव डॉ. वीनू मेहता भी मौजूद रही।

## गुजवि में विश्व वन्यजीव दिवस समारोह आयोजित

# जल संरक्षण में ही मानवता जैव विविधत संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग ने विश्व वन्यजीव दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, जूलॉजी विभाग की अध्यक्षा प्रो. आशा गुप्ता के साथ-साथ प्रतिष्ठित संकाय सदस्य गणित विभाग की प्रो. सुनीता रानी, रसायन विज्ञान विभाग की प्रो. सोनिका, खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की प्रो. अरदिता बर्मन रे, प्रो. फार्मास्युटिकल विज्ञान विभाग की सुमित्रा सिंह, एलाईड हैल्थ साइंसिज विभाग की डॉ. अंजू गुप्ता, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की डॉ. विनीता, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग की डॉ. संतोष भुक्कल व डॉ. अनीता सिंह किरोलिया उपस्थित रहे। प्रो. आशा गुप्ता ने जूलॉजी विभाग के विद्यार्थियों को 2025 की थीम 'वाइल्ड लाइफ फाइनेंस : इनवेस्टिंग इन पीपल एंड प्लेनेट' पर संबोधित किया।




हिसार। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते प्रो. आशा गुप्ता।

प्रो. आशा गुप्ता ने अपने सम्बोधन में वन्यजीव संरक्षण में वित्तीय निवेश की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संरक्षण पहलों का समर्थन करके, मानवता जैव विविधता की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। साथ ही स्वच्छ हवा, ताजे पानी और स्थायी आजीविका जैसी आवश्यक मानवीय सुविधाओं को भी बढ़ा सकती है।

### पोस्टर मेकिंग में रिधि प्रथम

वन्यजीव संरक्षण के बारे में विद्यार्थियों की समझ और जागरूकता को गहरा करने के लिए विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली मेकिंग और बेस्ट-आउट-ऑफ-वेस्ट प्रतियोगिताओं सहित कई आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रिधि ने प्रथम व कीर्ति द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में अनमोल प्रथम व कोमल द्वितीय स्थान पर रहे। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में प्रतिभा व प्रज्ञा ने प्रथम तथा प्रीति व रेखा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में ज्योति ने प्रथम व गजल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### शराब छोड़कर भागने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम हांसी पुलिस ने 39 पेटी अवैध शराब छोड़ कर भागने वाले आरोपी कंवारी निवासी विजय उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गत दिनों कंवारी गांव के पास पुलिस को देखकर अपनी गाड़ी में रखी 39 पेटी अवैध शराब को छोड़कर मौके से भाग गया था। एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अवैध शराब गाड़ी को पहले ही कब्जा पुलिस में लिया गया था। पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है।

### नशा मुक्ति पर नाटक का मंचन किया

**हिसार।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित स्वर्णिम भारत अनुभूति महामेला में छाजूराम शिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति पर नाटक के माध्यम से अत्यंत सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी व समाज को नशे जैसी बीमारी से मुक्ति का आह्वान किया। ममता, करिश्मा, कपिल, नरेश,विकास, सुधीर व ज्योति ने विभिन्न पात्रों की भूमिका निभाई। प्राचार्या डॉ. उर्मिला मलिक ने इस सामाजिक बुराई के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करने के लिए विद्यार्थियों की सराहना की। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और दूसरे लोगों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया।

### हिसार में लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी शुरू

**हिसार।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपडगंज ने मंगलवार को शांति देवी जीआई इंस्टीट्यूट एवं एडवांस्ड एंडोस्कोपी सेंटर के सहयोग से अपनी विशेष लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य हिसार, हरियाणा के मरीजों को उन्नत लिवर देखभाल सेवाएं उपलब्ध कराना है, जिसमें विशेषज्ञ परामर्श और पूर्व ट्रांसप्लांट मूल्यांकन सेवाएं शामिल हैं। इस ओपीडी सेवा की शुरुआत मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के एचपीबी सर्जरी और लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के निदेशक डॉ. अजिताभ श्रीवास्तव की उपस्थिति में की गई। वे हर महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को मरीजों को परामर्श देंगे। लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ से लिवर संबंधी बीमारियों जैसे सिरोसिस, लिवर फेलियर, फैटी लिवर और लिवर कैंसर से ग्रसित मरीजों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाओं का लाभ मिलेगा।

### बार की नई कार्यकारिणी ने वकीलों का आभार जताया

**हिसार।** जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने मंगलवार को बार परिसर में लड्डू बांटकर सभी अधिवक्ताओं एवं सहयोगियों का आभार किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट संदीप बूरा, उपाध्यक्ष एडवोकेट विकास पूनिया, सचिव एडवोकेट समीर भाटिया, सहसचिव एडवोकेट सुनील भारद्वाज और कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुनील सहदेव सोनी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यकारिणी ने विश्वास दिलाया कि वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा एवं उनके विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

---

### फतेहचन्द महिला महाविद्यालय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

# बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रिंकी ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

### आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर रघुबीर सिंह बूरा ने पुरस्कार दिए

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में 65वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की रिंकी ने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खिताब जीता। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आयकर विभाग के डिप्टी कमिश्नर रघुबीर सिंह बूरा ने शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार रावलवासिया ने रघुबीर सिंह बुरा, प्रसन्नी देवी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की योगा खिलाड़ियों ने शानदार तरीके से योग क्रियाओं का प्रदर्शन करके सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य प्रीतिपाल सर्राफ, मदनलाल अग्रवाल, देवेन्द्र प्रसाद जैन, बनारसी दास गुप्ता, राजेन्द्र कुमार गर्ग, दिनेश अग्रवाल, शिव कुमार सिंगल, भारत भूषण जैन, आदित्य विक्रम अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, निर्मल कुमार गोयल, संजय अग्रवाल मौजूद रहे।




हिसार। खेलकूद प्रतियोगिता में दमखम दिखाती छात्राएं व विजेता छात्राओं को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

### देश का किसान व मजदूर वर्ग हताश : पन्नू

**हिसार।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के प्रदेश प्रधान महासचिव रविंदर पन्नू ने कहा है कि आज देश का किसान, मजदूर और कमेरा वर्ग हताश और निराश है। आज खेती किसानी घाटे का सौदा बन कर रह गया है। किसान मजदूर वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहा है। आजादी से पहले और आजादी के बाद भी हुकूमत ने आज तक कमेरे वर्ग को लूटने का काम किया है। देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार खेती किसानी है। आज देश के कमेरे वर्ग को एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्कता है।

### खेल, सांस्कृतिक व वार्षिकोत्सव आयोजित

**हिसार।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंगथला में खेल, सांस्कृतिक और वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ बीआरसी अग्रोहा ईश्वर सिंह, प्राचार्या अनीता सहित सभी स्टाफ सदस्यों ने सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ किया। सांस्कृतिक उत्सव में समूह नृत्य, एकल नृत्य, समूह गान, एकल गान, देश भक्ति गीत व रागिनी जैसे कार्यक्रम करवाए गए। खेल उत्सव में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, ऊंची कूद व लंबी कूद जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गई। वार्षिक उत्सव में प्राचार्या अनीता ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सभी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को ईश्वर सिंह व प्राचार्या द्वारा सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### यह रहे खेलकूद प्रतियोगिता के परिणाम

लांग जम्प में बीए तृतीय वर्ष की रिंकी प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की सरोज द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की मनीषा तृतीय स्थान पर रही। हाई जम्प में बीए तृतीय वर्ष की रिंकी प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की पूजा द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की मनीषा तृतीय रही। जैवलीन थ्रो में बीए तृतीय वर्ष की रिंकी प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की सरोज द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की ज्योति तृतीय रही। डिस्कस थ्रो में बीए द्वितीय वर्ष की मनीषा प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की रिंकी द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की प्रीति तृतीय, शॉटपुट में बीए द्वितीय वर्ष की पूजा प्रथम, बीए तृतीय वर्ष की रिंकी द्वितीय और बीए प्रथम वर्ष की आशा तृतीय, 100 मीटर हर्डल रेस में बीए तृतीय वर्ष की रिंकी प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की पूजा द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष की किरण तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### आदमपुर कॉलेज की टीम दूसरी बार बनी विजेता

**मंडी आदमपुर।** एमजीएम राजकीय महाविद्यालय की टीम ने राज्यस्तरीय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शानदार करते हुए दूसरी बार विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। कॉलेज के प्रो. डा. पवन कुमार ने बताया कि चौ. बंसीलाल राजकीय महिला कॉलेज में भूगोल विभाग व एसोसिएशन ऑफ पंजाब ज्योग्राफी के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय इंटर कालेज भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए आदमपुर महाविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में प्रोफेसर डा. पवन कुमार के नेतृत्व बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा व प्रतिभा व बीए द्वितीय वर्ष से एकता ने टीम का नेतृत्व किया।



हिसार। खेल महोत्सव में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## नर्सिंग कॉलेज में खेल उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

- खेल उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा
- खेलों से युवाओं में बढ़ती है एकता की भावना : डीपी वत्स

महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नर्सिंग विद्यार्थियों को खेलों के साथ जोड़ने और तनाव रहित रखने के लिए चले 10 दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। खेल महोत्सव के समापन पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पूर्व सांसद लैफ्टिनेंट जनरल डीपी वत्स ने खेल मशाल प्रज्वलित कर समापन समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। इसलिए सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ अधिक से अधिक खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए, क्योंकि खेल जहां उन्हें सेहत प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि खेलों से युवाओं में एकता की भावना बढ़ती है। दस दिनों से चल रही इस खेल महोत्सव में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो, लूडो, वॉलीबॉल, रस्साकशी डिस्क्स थ्रो, रिले दौड़ जैसी विधाओं में अपना हाथ आजमाया। समापन समारोह पर आयोजित खेलों में रस्साकशी, दो सौ मीटर दौड़ में महाराजा अग्रसेन कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग ने बाजी अपने नाम की तो वहीं सौ मीटर दौड़, रिले दौड़ में महर्षि दयानंद इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग ने मेडल अपने नाम किए। इस दौरान डायरेक्टर पैरामेडिकल डॉ आशुतोष शर्मा, डॉ मोनिका जैन, डॉ भारती अरोड़ा, डॉ सीमा चौधरी, डॉ अश्विनी धवन, डॉ प्रोमिला पांडे, डॉ शिखा पाहुजा, डॉ पवन अग्रवाल व नर्सिंग कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।

---

## योजनाओं को लेकर चलाया अभियान

- फिनो पेमेंट्स बैंक के अधिकारी बोले, बीपीएल लाभार्थियों को बैंक खाता खुलवाने में मदद कर रहा बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

राज्य सरकार ने बीपीएल परिवारों के लिए हर घर, हर गृहिणी योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की शुरुआत की है। सरकार की इस योजना का लाभ बीपीएल लाभार्थियों को समय पर मिले इसके लिए आरबीआई के अधीन फिनो पेमेंट्स बैंक विशेष अभियान चला रहा है। बैंक के नार्थ जोनल हेड विशाल गंडोत्रा ने बताया कि एक नया युग का बैंक है, जो बीपीएल लाभार्थियों, खासकर महिलाओं को बैंक खाता खुलवाने तथा आधार से बैंक खाता जोड़ने में मदद कर रहा है। यह एक ग्रामीण केंद्रित बैंक है, जो मुख्य रूप में अव्यवस्थित क्षेत्रों में व्यापारिक बिंदुओं जैसे किराना स्टोर्स, मोबाइल शॉप्स, दूध विक्री केंद्र और हमारे रणनीतिक भागीदार भारत पेट्रोलियम बीपीसीएल के आउटलेट्स के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करते हैं।



हिसार। जानकारी देते फिनो पेमेंट्स बैंक अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

## जिंदल स्टेनलेस ने मनाया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

- कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया, सुरक्षा मानकों को अपनाने का संकल्प दिलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

जिंदल स्टेनलेस ने मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया। इस आयोजन में सभी विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ नेतृत्व और वरिष्ठ उपाध्यक्ष और यूनिट हेड विजय कुमार बिंदलिश ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत हेड, ईएचएस सुधीर कुमार के उद्घाटन संबोधन से हुई। उन्होंने कंपनी की उच्च सुरक्षा मानकों को बनाए रखने और सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

इसके बाद, संयंत्र के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया गया, जो कर्मचारियों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बाद, सभी उपस्थित लोगों ने सुरक्षा शपथ ली, जिसमें उन्होंने कंपनी की सुरक्षा प्रथाओं और मानकों को अपनी दैनिक गतिविधियों में अपनाने और उनका पालन करने का संकल्प लिया। इसके बाद, जेएसएल हिसार के कर्मचारियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने सुरक्षा के महत्व और जीवन की रक्षा में उसकी भूमिका को प्रभावी तरीके से बताया।



हिसार। सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाते जिंदल स्टेनलेस के यूनिट हेड विजय कुमार बिंदलिश व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### कर्मचारी सुरक्षित रहेंगे

इस मौके पर जिंदल स्टेनलेस के यूनिट हेड विजय कुमार बिंदलिश ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस में हम एक ऐसा सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने का प्रयास करते हैं जहां हर कर्मचारी सुरक्षित और मूल्यवान महसूस करता है।

---

## पीरावाली से चिट्टा समेत एक युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने गांव पीरावाली से एक व्यक्ति को काबू कर 5.48 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। टीम प्रभारी उप निरीक्षक इंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर गांव पीरावाली सरकारी स्कूल के पीछे गली में से एक व्यक्ति को काबू किया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम पीरावाली निवासी गुरनाम सिंह बताया। तलाशी लेने पर गुरनाम सिंह के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली से 5.48 ग्राम चिट्टा और मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामद हेरोइन और मोबाइल फोन को कब्जा पुलिस लेकर उक्त गुरनाम सिंह के खिलाफ थाना सदर हिसार में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग अंकित कर उसे गिरफ्तार किया गया है। अभियोग में आगामी कार्रवाई जारी है।



हिसार। पुलिस गिरफ्त में आरोपी गुरनाम सिंह। फोटो: हरिभूमि

## होली चाइल्ड स्कूल में हुई स्पर्धा

- नए बच्चों ने पूरे साल में नए सीखे अंग्रेजी शब्दों का प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंग्रेजी शब्दकोष ज्ञान पर आधारित इंग्लिश वोकैबलरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा प्रथम से तृतीय तक के लगभग 110 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के भाषा ज्ञान को परखना और उनकी शब्दावली को समृद्ध करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष सीखे गए नए अंग्रेजी शब्दों का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जीवन निरंतर सीखने की प्रक्रिया है, और इसी क्रम में विद्यालय में विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक नया अंग्रेजी शब्द सिखाया जाता है। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने बताया कि विद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषाओं का अध्ययन कराया जाता है, जिससे विद्यार्थियों की भाषा पर पकड़ मजबूत होती है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में मधु कुमारी, नेहा सैनी, मिनाक्षी, हिना, सोनी और रेनू बाला शिक्षिकाओं का योगदान रहा।



हिसार। इंग्लिश वोकैबलरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी, प्रधानाचार्या एवं शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

## कारतूस सहित एक आरोपी काबू

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ पुलिस ने अवैध मैगजीन व 7 जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान भिवानी जिले के गांव मुंढाल खुर्द निवासी सुनील के रूप में हुई है पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को गश्त पड़ताल दौरान सूचना मिली थी कि बांडाहेड़ी गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित स्कूल के समीप एक व्यक्ति अवैध मैगजीन व कारतूस लिए हुए घुम रहा है। सूचना के अनुसार स्पेशल स्टाफ पुलिस ने बताए गए स्थान पर पहुंच वहां एक व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास एक अवैध मैगजीन व 7 जिन्दा कारतूस बरामद हुए। अवैध मैगजीन व कारतुस को कब्जा पुलिस में लेकर पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ बास थाना बास में आर्म्स अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया।



हांसी। कारतूस के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो: हरिभूमि

---

### कोलकाता, चंडीगढ़, जयपूर व पंजाब से आए गायक करेंगे गुणगान

# श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन 8 से, तैयारियां जोरों पर

- कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए चारों दिन शाम 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

सेक्टर 16-17 के श्री श्याम मंदिर में 8 मार्च से फाल्गुन मेले का आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय मेले की तैयारियां को लेकर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि नवमी, दसवीं, एकादशी एवं द्वादशी पर मंदिर प्रांगण में चारों दिन सांय 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें 8 मार्च को कोलकाता से आए भजन गायक अमोल-शुभम, 9 मार्च को कोलकाता के सूरज शर्मा, 10 मार्च को जयपुर के पुरुषोत्तम बृजवासी व चंडीगढ़ के बिन्नी एवं 11 मार्च को पंजाब से आए भजन प्रवाहक आदित्य गोयल बाबा श्री श्याम की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि मेले के चलते मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। पिछले 10 दिनो से कोलकाता से आए कारीगर द्वारा मंदिर दरबार में समुंद्री सीप व छोटे शंख से साज सज्जा की जा रही है। मुख्य द्वार पर भगवान वेंकटेश व होली थीम पर लगे कट आउट विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को सायं होलिका दहन होगा। फाग के दिन 14 मार्च सुबह नौ बजे श्याम प्रेमी होली खेल भजन- कीर्तन करते हुए फागुन महीने का समापन करेंगे।



हिसार। फाल्गुन मेले की जानकारी देते मंदिर कमेटी के पदाधिकारी।

### मंदिर कमेटी के ये पदाधिकारी रहे मौजूद

इस मौके पर श्री श्याम मंदिर के प्रधान विनोद अग्रवाल, रामकुमार गोयल, सुभाष बंसल, त्रिलोक बंसल, राजकुमार जैन, दिनेश बिंदल, ओम प्रकाश गोयल, सुभाष सैनी, सुनील अग्रवाल, अजय गोरखपुरिया, सतीश बंसल, साहिल सैनी, सत्येन्द्र यदुवंशी, सुजान सिंह बेनीवाल मौजूद रहे।

## व्यापार को सुविधा देने वाला हो बजट

- प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग के साथ व्यापारियों ने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩हिसार

व्यापारियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में हरियाणा का आगामी वार्षिक बजट पर विचार किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष ने व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को हरियाणा के वार्षिक बजट में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सुविधा देनी चाहिए। बजट में व्यापारी व उद्योगपतियों की दुकान व फैक्ट्री में आग लगने पर उसके नुकसान की भरपाई करने का नियम बनाना चाहिए। गांव स्तर पर छोटे व मध्यम उद्योग लगाने पर बजट में 25 लाख रुपये तक बिना ब्याज लोन देना चाहिए। हरियाणा में नए उद्योग लगाने पर 5 साल तक हरियाणा के एसजीएसटी में पूरी तरह छूट होनी चाहिए ताकि पहले की तरह गांव स्तर के भारी तादाद में उद्योग स्थापित हो सके। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को बजट में शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि सरकारी स्कूलों की हालत खस्ता है और सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए बैंच व किसी प्रकार की मूलभूत सुविधा नहीं है। सरकार को बजट में शिक्षा व चिकित्सा पर विशेष ध्यान देना चाहिए।



हिसार। व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग। फोटो: हरिभूमि

# सभी उम्मीदवार निर्धारित अवधि में जमा करवाएं चुनाव खर्च दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

चुनाव खर्च पर्यवेक्षक अशोक कुमार ने मंगलवार को संयुक्त कार्यालय परिसर में नगर पालिका का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के चुनावी खर्च दस्तावेजों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई उम्मीदवारों ने चुनावी खर्च रजिस्टरों का निरीक्षण करवाया।

चुनाव खर्च पर्यवेक्षक तथा उनकी टीम में शामिल रविंद्र सिंह पानू, विवेक कुमार, मुकेश कुमार, संदीप कुमार तथा मुनीश कुमार ने चुनावी खर्च रजिस्टरों का का गहनता से निरीक्षण किया। चुनाव खर्च पर्यवेक्षक ने खर्च रजिस्टर चेक करवाने आए उम्मीदवारों से कहा कि 12 मार्च को मतगणना के बाद चुनाव खर्च रजिस्टरों को जमा करवाने के लिए तिथियां निर्धारित की जाएगी। इन निर्धारित तिथियां को चुनावी खर्च दस्तावेज अवश्य जमा करवाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अन्य उम्मीदवारों को भी जागरूक करें। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव खर्च को लेकर दिए गए दिशा निर्देशों की भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को चुनावी खर्च रजिस्टरों को जमा करवाने के लिए अन्यत्र कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार 5 मार्च को सुबह 11 से शाम 3 बजे तक संयुक्त कार्यालय परिसर के कमरा नंबर 211 में पहुंचकर चुनावी खर्च रजिस्टर चेक करवा सकते हैं।

## 12 मार्च को अलग-अलग स्थानों पर होगी मतगणना, दो मार्च को हुए थे चुनाव

### 5 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

नारनौंद। डीसी ने नपा चुनाव को लेकर 5 ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाएं हैं। एसडीएम ने बताया कि कानून व्यवस्था के लिए डीएचवीबीएन एसडीओ मोहनलाल, एक्सईएन/एसओ अशोक कुमार शर्मा तथा एसडीओ प्रमोद कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। रिजर्व में एचपीजीसीएल (थर्मल) से सहायक कार्यकारी इंजीनियर कुलदीप सिंह तथा सहायक इंजीनियर संदीप कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया है।



### प्रथम रेंडमाइजेशन आज

निकाय आम चुनाव की तैयारियों में प्रथम रेंडमाइजेशन 5 मार्च को होगी। सीटीएम ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 12 मार्च को निकाय चुनाव की मतगणना होगी। जिसे सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### तैयारियां पूरी करने के निर्देश

डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रक्रिया के सम्बंध में हिसार नगर निगम तथा नारनौंद नगर पालिका के रिटर्निंग अधिकारियों के साथ साथ सहायक चुनाव अधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है। इसका आयोजन लघुसचिवालय स्थित वीसी हॉल में होगा।

### माजरा आईटीआई में स्टॉग रूम

नगर पालिका के वोटों की मतगणना की प्रक्रिया 12 मार्च को होनी है। ऐसे में इस अवधि तक सुरक्षा के लिहाज से माजरा प्याऊ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

## स्वास्थ्य विभाग ने 18 हजार 402 लोगों की मलेरिया जांच की

हिसार। स्वास्थ्य विभाग मलेरिया रोग को लेकर सजग है। इसी कड़ी में पिछले महीने भी जिलेभर में एक खास अभियान चलाकर सैंपलिंग ली गई। उप-सिविल सर्जन एवं मलेरिया प्रभारी डॉ सुभाष खतरेजा ने बताया कि फरवरी माह के दौरान जिले में 18 हजार 402 व्यक्तियों की मलेरिया ब्लड स्लाइड बनाई गई। ब्लड स्लाइड की जांच के दौरान जिले में मलेरिया का कोई नया केस नहीं पाया गया हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित हैं व उसे किसी मलेरिया के लक्षण नजर आते हैं तो वे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य करवाएं।

## खबर संक्षेप

### सीएम राहत कोष की समीक्षा बैठक 7 को

हिसार। मुख्यमंत्री राहत कोष की समीक्षा बारे 7 मार्च को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में होगी। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत विभिन्न प्रकार की 25 गंभीर बीमारियों से ग्रस्त नागरिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि बैठक में सरल पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी।

### तिरुपति धाम में 9 मार्च को होली महोत्सव

हिसार। श्री तिरुपति बालाजी धाम में 9 मार्च को होली महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। धाम में होली महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। पूरे धाम को लड़ियों, झालर व रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया जाएगा। होली महोत्सव में बिना पानी की फूलों की होली खेली जाएगी। इसके लिए फूलों का विशेष रूप से प्रबंध किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं को इत्र से सराबोर होने का भी अवसर मिलेगा। 9 मार्च को ही सायंकाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को होली के भजनों पर झूमने का मौका मिलेगा। जिसकी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### राजली में एक किसान की संदिग्ध मौत, केस

बरवाला। गांव राजली में बीती देर रात्रि खेतों में पानी लगा रहे एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक मौत हो गई है। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर हिसार नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस ने मृतक के भतीजे गांव राजली निवासी संजय के ब्यान पर इत्तफाकियां कार्रवाई अमल में लाई है। जांच अधिकारी एएसआई कर्मबीर ने बताया कि गांव राजली निवासी किसान महाबीर (44) अपने भतीजे संजय के साथ खेत में पानी लगाने गया था। जब महाबीर खेत में पानी लगा रहा था और उसका भतीजा संजय थोड़ी सी दूरी पर ही पानी संभालने गया था। जब संजय पानी संभाल कर वापिस आया तो महाबीर नाले में औंधे मुंह गिरा पड़ा था और बेहोश था। महाबीर को तुरंत उपचार के लिए हिसार शहर के नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।।

## सरकारी स्कूल का मामला, शिक्षक ने बंधक बनाकर किया था रेप

# दलित छात्रा से दुष्कर्म में दोषी ड्राइंग टीचर को दस साल कैद

**वर्ष 2015 से पीड़ित छात्रा से कर रहा था रेप, अप्रैल 2020 में हुआ था केस दर्ज, कोर्ट ने दोषी को 36 हजार का जुर्माना भी किया परिजनों ने पहले समझाया फिर दर्ज करवाया था केस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के एक गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली दलित छात्रा का अपहरण करके बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वाले ड्राइंग टीचर को महिला विरुद्ध अपराध के लिए स्थापित विशेष अदालत के न्यायाधीश सुनील जिंदल ने दस साल सख्त कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 36 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

पीड़ति छात्रा के वकील रजत कल्सन ने बताया कि विशेष अदालत ने मंगलवार को दोषी ड्राइंग टीचर को अपहरण करने के मामले में दो साल की सजा व पांच हजार रुपये जुर्माना, बंधक बनाने में एक साल की सजा व रेप करने के मामले में दस साल की सजा व 30 हजार रुपये जुर्माना, मारपीट करने के मामले में छह माह की सजा तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में क साल की सजा व 1000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। अदालत के आदेशानुसार सभी अपराधों की सजा साथ साथ चलेगी। इसके साथ ही विशेष अदालत के न्यायाधीश सुनील जिंदल ने जिला विधिक सहायता प्राधिकरण को फैसले की प्रति भेजते हुए निर्देश दिए हैं कि इस मामले में पीड़ित छात्रा को समुचित आर्थिक मुआवजा भी दिया जाए।

### कोर्ट में उम्र की दी दुहाई

इससे पहले दोषी ड्राइंग टीचर ने अपने अधिवक्ता के मार्फत अदालत से याचना की कि वह 65 साल का है तथा उसकी मां की उम्र 86 साल की है जो बीमार रहती है। उसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है, इसलिए उस पर रहम करते हुए उसे कम से कम सजा दी जाए। दूसरी तरफ दलित छात्रा के वकील रजत कलसन ने अदालत से मांग की कि दोषी ड्राइंग टीचर पीड़ित छात्रा के दादा की उम्र का है तथा इन



दोनों के बीच में छात्रा और और शिक्षक का रिश्ता था जिसे दोषी ड्राइंग टीचर ने कलंकित किया है। उसने स्कूल में शिक्षक के पद की पोजीशन का फायदा उठाते हुए अपनी ही गरीब छात्रा का यौन उत्पीड़न किया है। कल्सन ने अदालत से मांग की की इस तरह के दरिंदे को अधिकतम सजा देकर समाज में एक संदेश दिया जाना चाहिए ताकि इस तरह के अपराधियों में कानून का खौफ पैदा हो सके।

### 25 को माना था दोषी

अदालत में चार साल चले इस मुकदमे में पीड़िता, उसके माता-पिता व उसके भाई सहित अन्य गवाहों के बयान दर्ज हुए तथा 25 फरवरी को अदालत ने दोषी ड्राइंग टीचर को दोषी ठहराया था। इसी मामले में दोषी ड्राइंग टीचर को सजा का ऐलान किया गया है। उधर पीड़ति छात्रा के माता-पिता ने इस मामले में अदालत के फैसले पर संतुष्टि जताई है।

### यह था मामला

अदालत में चले मामले के अनुसार पीड़िता ने अपने मुकदमे में आरोप लगाया था कि वह जिले के एक गांव के स्कूल में वर्ष 2015 में नौवीं कक्षा की छात्रा थी जहां पर दोषी ड्राइंग टीचर कार्यरत था जो उस पर गलत नजर रखता था। उक्त टीचर उसे चॉकलेट व टॉफी तथा पेन, पेंसिल देकर उसके साथ अकेले में किसिंग व छेड़खानी करता था तथा जब वह दसवीं कक्षा की छात्रा थी तब उसे स्कूल से कुछ दूर खेतों में ले जाकर उसके साथ गलत काम किया था तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था।

### समझाने पर भी नहीं माना राजबीर

इस बारे में जब पीड़ित छात्रा ने अपने माता-पिता को बताया तो उसके माता-पिता ने स्कूल में जाकर दोषी ड्राइंग टीचर राजवीर को समझाया कि उनकी बेटी को तंग ना करें, परंतु इसके बावजूद भी दोषी ड्राइंग टीचर राजवीर पीड़ति छात्रा को प्रताड़ति करता रहा। पीड़ति छात्रा के अनुसार 5 अप्रैल 2020 को उक्त ड्राइंग टीचर पीड़ति छात्रा को अपनी स्कूटी पर बिठाकर नजदीक के गांव के खेतों में ले गया तथा वहां पर एक कोठे के बाहर पीड़ित छात्रा के साथ प्राकृतिक व अप्राकृतिक तरीके से दुष्कर्म किया तथा उसे चार घंटे बंधक बना कर रखा। किसी तरह उसके भाई को सूचना मिली कि दोषी टीचर राजबीर पीड़ति छात्रा को खेतों में लेकर आया है तो अपनी बहन को ढूंढते हुए उसका भाई भी मौका पर पहुंच गया जहां पर उक्त आरोपी ड्राइंग टीचर ने उसके भाई के साथ मारपीट की तथा उसे जातिसूचक गालियां भी निकाली। इसके बाद मौके पर पुलिस भी आई जिन्होंने इस मामले में छात्रा की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया तथा पीड़िता के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराये तथा पीड़िता की डॉक्टरी व बाल अधिकार समिति तथा महिला वकील के सामने बयान दर्ज कराए।



हिसार। राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों को लेकर निर्देश देती एडीसी।

## राष्ट्रपति के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

- 10 मार्च को गुजवि में प्रस्तावित है राष्ट्रपति का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 10 मार्च को प्रस्तावित दौरे से पहले प्रशासन कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर रहा है। एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने गुजवि में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। विश्वविद्यालय के प्रोक्टर संदीप राणा, रजिस्ट्रार विजय सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने विवि में स्थित चौधरी रणबीर सिंह ऑडिटोरियम के अलावा उन तमाम जगहों का निरीक्षण किया, जहां पर राष्ट्रपति का आगमन होना है। उन्होंने गुजवि के प्रबंधन समिति के सदस्यों से अलग अलग पहलुओं पर चर्चा कर समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान यह भी जानकारी ली कि कार्यक्रम के दौरान जिन विद्यार्थियों को मेडल तथा डिग्रियां प्रदान की जाएगी, उनके बैठने इत्यादि की व्यवस्था क्या रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कार्यक्रम के दिन निर्बाध बिजली सप्लाई, पूरी लाइटिंग, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य जरूरी तैयारियों के साथ साथ वीवीआईपी गेस्ट रूम तथा वीवीआईपी को लाने तथा ले जाने की हुई व्यवस्था बारे भी चर्चा की। अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर अलग अलग कमेटियां बनाते हुए जिम्मेवारियां सुनिश्चित की गई हैं, समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएगी।

### बरवाला में मनाया लाइनमैन व सुरक्षा दिवस


बरवाला। बिजली निगम बरवाला के प्रांगण में लाइनमैन व सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसमें सभी बिजली कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कर्मचारी वक्ताओं ने कर्मचारियों को लाइन पर काम करने से संबंधित सुरक्षा के बारे में संबोधित करते हुए अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी जोजो तनेजा ने बिजली के क्षेत्र में सराहनीय काम करने वाले कर्मचारियों को प्रंशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

## गुजवि के 3 विद्यार्थियों का चयन

- प्लेसमेट ड्राइव में शामिल हुए थे 23 विद्यार्थी, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के लिए चुने गए केशव शर्मा
- प्राचार्य ने चयनित विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा खन्ना पेपर मिल्स लिमिटेड, गुरुग्राम के साथ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई, जिसके परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन मार्केटिंग जीईटी (ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी) प्रोफाइल के लिए हुआ है। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप



हिसार। चयनित विद्यार्थी पवन, सचिन व केशव शर्मा।

सिंह ने बताया कि प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के 23 विद्यार्थियों ने इस ड्राइव में भाग लिया। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने जानकारी दी कि चयनित विद्यार्थी बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के केशव शर्मा, सचिन व पवन कुमार हैं। इस ड्राइव का समन्वय कल्पना यादव द्वारा किया गया।

## जन्म पंजीकरण में देरी स्वीकार्य नहीं

- कम लिंगानुपात वाले गांवों पर रहेगी विशेष नजर : डीसी
- श्यामसुख मेरिटोरियस गर्ल्स के लिए श्रेष्ठ गांव पुरस्कार को चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला प्रशासन की लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में मंगलवार को आयोजित पीएनडीटी एक्ट के क्रियान्वयन पर आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में लिंगानुपात की स्थिति, निरीक्षणों, छापेमारी और अन्य उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त अनीश यादव ने संबंधित एसडीएम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीएनडीटी और एमटीपी एक्ट के



हिसार। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी व मौजूद अन्य अधिकारी।

तहत लगातार छापेमारी एवं निरीक्षण की कार्रवाई की जाए।

उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि लिंगानुपात में सुधार और कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए जिले में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। सभी टीमें ज्यादा से ज्यादा निरीक्षण और छापेमारी करें। साथ ही, ग्रामीणों को जागरूक करने पर भी ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने जिलावासियों से पीएनडीटी एक्ट का पालन सुनिश्चित करने और अवैध गतिविधियों की सूचना देने की अपील की है।

एडीसी सी. जयाश्रद्धा ने बताया कि कम लिंगानुपात वाले गांवों के एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर बैठक आयोजित की जा रही हैं। श्यामसुख को 2024 वर्ष के मेरिटोरियस गर्ल्स के लिए श्रेष्ठ गांव पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। कम लिंगानुपात वाले गांवों की विशेष निगरानी को लेकर भी रूपरेखा बनाई गई।

बैठक में एसपी शशांक कुमार सावन, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेद प्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम मोहित मेहराणा, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, डॉ. प्रभुदयाल, मनोचिकित्सक डॉ. प्रशांत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीजी ने पॉलिटेक्निक का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

तकनीकी शिक्षा विभाग हरियाणा के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, शौचालय, कार्यालयों और छात्रावास सहित विभिन्न सुविधाओं का निरीक्षण किया। उनका यह दौरा संस्थान की संरचना का मूल्यांकन करने और शिक्षकों व छात्रों द्वारा उठाए गए मुद्दों को समझने के उद्देश्य से किया गया। प्राचार्य सुनील कुमार ने संकाय सदस्यों और कर्मचारियों के साथ मिलकर महानिदेशक का स्वागत किया। प्रभजोत सिंह ने संकाय सदस्यों और प्रशासनिक अधिकारियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं व सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों तक सीमित नहीं : सांसद

# उत्कृष्ट काम करने पर 101 महिलाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महिला सशक्तिकरण केवल अधिकारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं द्वारा अपने जीवन से संबंधित स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता पर आधारित है। समाज पर मुसीबत आने पर नारी अपने रूप को बदलती है और हर परिस्थिति में डटकर खड़ी होती है।

यह बात राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का आयोजन आईसी सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय तथा जम्भ शक्ति ट्रस्ट एवं नारी नारायणी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 101 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने की।




हिसार। उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित करते अतिथि।

### समाज और परिवार उत्थान में महिलाएं अहम

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र के नव-निर्माण में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होनें कहा कि विश्वविद्यालय के उत्थान में भी महिलाओं की सराहनीय भूमिका रही है। महिलाओं ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा के बल पर राष्ट्र ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। उन्होने बताया कि महिलाओं के उत्थान में समाज व परिवार की अहम भूमिका रही है। नर नारी फाउंडेशन से पूनम नागपाल ने पुरस्कृत महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यो पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव, संतोष कुमारी, डॉ. प्रतिभा गुप्ता, वंदना बिश्नोई सहित सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, वैज्ञानिक, कर्मचारी, विद्यार्थी व महिलाएं उपस्थित रहीं।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम के संचालन में संयोजन की भूमिका नारी नारायणी फाउंडेशन की अध्यक्षा पूनम नागपाल और जम्भ शक्ति ट्रस्ट के चेयरमैन विकास गोदारा ने संयुक्त रूप से निभाई गई।